# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद – 1

**संख्याःदस–51–2013** **दिनांकःअक्टूबर 03 , 2015**

सेवा में,

1. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद, उ0प्र0।
2. समस्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद, उ0प्र0।

विषय : आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु चयनित अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में।

---

कृपया उपर्युक्त विषयक समसंख्यक पत्र दिनांकित 20.9.2015, 21.9.2015 एवं 22.9.2015 का अवलोकन करें जो आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु चयनित 33,495 अभ्यर्थियों में से प्रथम चरण में श्रेष्ठताक्रमांक 01 से 16,748 तक के अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन की कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में है।

2. इस सम्बन्ध में प्रथम चरण में श्रेष्ठताक्रमांक 01 से 16,748 तक के अभ्यर्थियों की पते व मोबाइल नम्बर सहित सूची उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **https://uppolice.gov.in** पर **UP-LOAD** कर दी गयी है। इस सूची में अभ्यर्थियों के पते तथा मोबाइन नम्बर अंकित हैं। इस नई सूची का मिलान पुलिस की बेवसाइट पर पूर्व में अप–लोड की गयी सूची तथा भर्ती बोर्ड से प्राप्त ओएमआर शीट/आवेदन पत्र से कर लिया जाय तथा विरोधाभास की स्थिति में पुलिस मुख्यालय से निर्देश प्राप्त कर लिया जाय। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक चरित्र सत्यापन प्रपत्र नहीं भरे हैं, नई सूची में प्रदर्शित उन अभ्यथियों के पते तथा मोबाइन नम्बर पर सम्पर्क करके उनके चरित्र सत्यापन प्रपत्र शीघ्रातिशीघ्र भरा लिये जायें और इसकी प्रगति की सूचना अपेक्षानुसार निर्धारित प्रपत्र में प्रतिदिन भेजी जाय।

3.. ऐसे अभ्यर्थी जो अन्य प्रान्तों के निवासी हैं, निम्नवत दर्शाये गये जनपदों के पुलिस कार्यालय में चरित्र सत्यापन हेतु अपेक्षित प्रमाण–पत्र/विवरण लेकर उपस्थित होंगे :–

| क.सं. | अभ्यर्थी के स्थायी निवास का राज्य | चरित्र सत्यापन हेतु निर्धारित जनपद |
|---|---|---|
| 1 | बिहार, झारखण्ड | जनपद वाराणसी, उ0प्र0 |
| 2 | मध्य प्रदेश | जनपद झांसी, उ0प्र0 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | जनपद इलाहाबाद, उ0प्र0 |
| 4 | राजस्थान | जनपद आगरा, उ0प्र0 |
| 5 | दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड | जनपद मेरठ, उ0प्र0 |
| 6 | उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य राज्यों के लिए | जनपद लखनऊ, उ0प्र0 |

4. पुनः निर्देशित किया जाता है कि चरित्र सत्यापन फार्म की सूचनाओं तथा फोटो का मिलान ओएमआर शीट/आवेदन पत्र की सूचनाओं से करना चरित्र सत्यापन की कार्यवाही का अभिन्न अंग है। इसके बिना चरित्र सत्यापन की कार्यवाही अपूर्ण मानी जायेगी। इन दोनों में कोई विरोधाभास होने पर उससे पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जाय।

3/x/15

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक–स्थापना,
उ0प्र0।

---

प्रतिलिपि कृपया निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. पुलिस महानिरीक्षक–स्थापना, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि चरित्र सत्यापन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु कृपया समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद उ0प्र0 को अपने स्तर से यथोचित निर्देश जारी करने की कृपा करें।
2. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
4. अपर सचिव–भर्ती, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को पत्रांक पीआरपीबी–अनु–6–प–06/2015(पार्ट–।।) दिनांक 16.9.2015 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

---

प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें, चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया जरिये ई–मेल भेजी जा रही उपर्युक्त सूची उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **https://uppolice.gov.in** पर **UP-LOAD** कराने की कृपा करें।